# Terms of Reference

## Consultant – PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission (MoHFW)-2 Positions

National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi on behalf of Ministry of Health & Family Welfare is seeking applications from qualified candidates for the above mentioned post purely on contractual basis.

## A. BACKGROUND

MoHFW seeks Consultants to contribute to the implementation of the PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission (PM-ABHIM). Within this context, the Consultants of Public Health will be part of a National Program Management Unit (NPMU) under MoHFW for the project related activities.

## B. PROJECT BACKGROUND AND OBJECTIVES

PM - Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission (PM-ABHIM) is a Centrally Sponsored Scheme with Central Sector Components. The objective of the scheme is to fill critical gaps in health infrastructure, surveillance and health research – spanning both the urban and rural areas so that the communities are Atmanirbhar in managing such pandemic/ health crises. The measures under the scheme focus on developing capacities of health systems and institutions across the continuum of care at all levels viz. primary, secondary and tertiary and on preparing health systems in responding effectively to the current and future pandemics/disasters.

## C. SCOPE OF WORK

The Consultants (PM-ABHIM) will work under PM-ABHIM NPMU unit established in MoHFW with the following tasks:

**Responsibilities:**

- Provide policy, technical and program support for PM-ABHIM as needed at both National and State level under PM-ABHIM.
- Develop guidelines, SOPs, templates, formats along with guidance documents to States/UTs under PM-ABHIM.
- Work with other program divisions in the MoHFW in delivering the mandate of PM-ABHIM in alignment with the National Health Mission framework.
- Undertake field visits and monitor/review the programme implementation in the States
- Guide States/UTs in policy and program implementation in relation to programs.
- Gather and analyse evidence from field review visits from different states/districts to inform policy and advocate appropriate changes. Facilitate development and implementation of the scheme and proposals/strategies derived from the situational analysis.
- Provide technical inputs on thematic areas
- Undertake implementation and operational research and assessments for improving the programs and policies.
- Monitor the progress of the PM-ABHIM and provide inputs on a regular basis.
- Ensure consolidation and dissemination of approved annual work plans along with budget to implementing entities and prepare quarterly progress report based on results framework.

- Ensure consolidation and dissemination of approved annual work plans along with budget to States/UTs and prepare periodic progress report on the monitoring & evaluation framework.
- Undertake any other activities / tasks from time to time as assigned by the MoHFW and reporting officer.

**Essential Qualification / Requirements**

- MBBS/BDS/BHMS/BAMS/MD/M. Phil in Social Medicine & Community Health/ Master's in Public Health/ Post Graduate Diploma in Health & Hospital Management / Masters in Hospital Administration (MHA)/ MBA in Health Management/.Post Graduate degree in Social Work.
- At least 2 years of post-qualification work experience in public health program planning or implementation. Preference will be given to candidates having experience Health Systems Strengthening/in NHM at National/State level.
- Computer proficiency with high level of familiarity with commonly used packages like MS Word, Excel, Power Point.
- Excellent communication and presentation skills, analytical and interpersonal abilities, excellent oral and written communication skills in English. Working knowledge of Hindi also desirable.
- Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment.
- Demonstrated experience in operationalizing health program at field level/ working in strengthening of district level health systems.
- Willingness to travel to states & districts to provide technical assistance & ability to work on different assignments simultaneously to meet the timelines for assignments.

**Reporting**

The Consultants (PM-ABHIM) would be reporting to the Director/DS-NHM, MoHFW.

**Contract Period:**

The engagement will purely on contractual basis initially for a period upto 31st March 2024. However, subject to satisfactory performance, consultancy may be renewed for further period, purely at the discretion of MOHFW, GOI. The consultancy can however, be terminated by either party by giving a notice of one month writing.

**No. of Positions:** 2 (Two)

**Location:** Delhi

**Other Conditions:** As per extant GOI/MOHFW

**Age:** Upto 45 years (as on last date of receiving the application)

**Remuneration:** Between Rs. 60,000/- to Rs. 1,20,000/-

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is **13-Jun-2023**.

## संदर्भ शर्तें (टीओआर)

## कंसल्टेंट–पीएम–आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

### ए. पृष्ठभूमि

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को पीएम– आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम–एबीएचआईएम) के कार्यान्वयन में योगदान देने के लिए कनसल्टेंट्स की तलाश है। इस संदर्भ में, सार्वजनिक स्वास्थ्य के कनसल्टेंट परियोजना से संबंधित गतिविधियों के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एनपीएमयू) का हिस्सा होंगे।

### बी. परियोजना पृष्ठभूमि और उद्‌देश्य

पीएम– आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम–एबीएचआईएम) केंद्रीय क्षेत्र के घटकों के साथ केंद्र प्रायोजित योजना है। योजना का उद्‌देश्य शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में व्याप्त स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे, निगरानी और स्वास्थ्य अनुसंधान में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना है ताकि समुदायों को इस तरह की महामारी/स्वास्थ्य संकटों के प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। योजना के तहत उपायों में सभी स्तरों अर्थात प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्तर पर देखभाल की निरंतरता में स्वास्थ्य प्रणालियों और संस्थानों की क्षमता विकसित करने और वर्तमान एवं भविष्य की महामारियों/आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली तैयार करने पर ध्यान दिया जाता है।

### सी. कार्य का दायरा

कंसल्टेंट (पीएम–एबीएचआईएम) निम्नलिखित कार्यों के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में स्थापित पीएम–एबीएचआईएम एनपीएमयू इकाई के तहत काम करेंगे :

**उत्तरदायित्वः**

- पीएम–एबीएचआईएम के तहत राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर आवश्यकतानुसार पीएम–एबीएचआईएम के लिए नीति दस्तावेज, तकनीकी और कार्यक्रम के विकास में सहायता प्रदान करना
- दिशानिर्देशों, एसओपी, टेम्प्लेट, प्रारूपों के विकास के साथ पीएम–एबीएचआईएम के तहत राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए मार्गदर्शन दस्तावेज
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की रूपरेखा के साथ तालमेल में पीएम–एबीएचआईएम के जनादेश को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अन्य कार्यक्रम प्रभागों के साथ काम करना
- क्षेत्र की यात्रा करना और  राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की निगरानी/समीक्षा करना
- कार्यक्रमों के संबंध में नीति और कार्यक्रम कार्यान्वयन में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का मार्गदर्शन
- नीति की सूचना और समुचित परिवर्तनों की वकालत करने के लिए विभिन्न राज्यों/जिलों से क्षेत्र समीक्षा यात्राओं से प्रमाण एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना। स्थितिजन्य विश्लेषण से प्राप्त योजना एवं प्रस्तावों/रणनीतियों के विकास और कार्यान्वयन को सुगम बनाना।
- विषयगत क्षेत्रों पर तकनीकी इनपुट प्रदान करना।
- कार्यक्रमों और नीतियों में सुधार के लिए कार्यान्वयन और परिचालन अनुसंधान और आकलन करना।
- पीएम–एबीएचआईएम की प्रगति की निगरानी करना और नियमित आधार पर इनपुट प्रदान करना।
- कार्यान्वयन संस्थाओं को बजट के साथ अनुमोदित वार्षिक कार्य योजनाओं का समेकन और प्रसार सुनिश्चित करना और परिणाम ढांचे के आधार पर त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करना।

- राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को बजट के साथ अनुमोदित वार्षिक कार्य योजनाओं का समेकन और प्रसार सुनिश्चित करना और निगरानी एवं मूल्यांकन पर आवधिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करना
- समय–समय पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा सौंपे गए किसी भी अन्य गतिविधियों/कार्यों को करना।

**अनिवार्य योग्यता/आवश्यकताएं**

- एमबीबीएस/बीडीएस/बीएचएमएस/बीएएमएस/एमडी/सोशल मेडिसिन एंड कम्युनिटी हेल्थ में एम फिल/सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर/स्वास्थ्य एवं अस्पताल प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/अस्पताल प्रशासन में स्नातकोत्तर (एमएचए)/ स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए/सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर डिग्री
- शैक्षिक योग्यता के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नियोजन या कार्यान्वयनन में कम से कम 2 वर्षों का कार्य अनुभव। स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण/राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर एनएचएम के अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- कंप्यूटर प्रवीणता के साथ एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले पैकेजों में उच्च स्तर की जानकारी।
- उत्कृष्ट संचार और प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और पारस्परिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संचार कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- बहु–विषयक टीम वातावरण में काम करने की प्रदर्शित क्षमता।
- क्षेत्र स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संचालन/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के कार्य का प्रदर्शित अनुभव।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छा और असाइनमेंट के लिए समय–सीमा को पूरा करने के लिए एक साथ विभिन्न असाइनमेंट पर काम करने की क्षमता.।

**रिपोर्टिंग**

कनसल्टेंट (पीएम–एबीएचआईएम) निदेशक/डीएस–एनएचएम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को रिपोर्ट करेंगे

**अनुबंध अवधिः**

शुरुआत में 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए नियुक्ति विशुद्ध रूप से अनुबंध के आधार पर होगी। हालांकि, विशुद्ध रूप से भारत सरकार/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के विवेक से संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन, कनसल्टेंसी को आगे की अवधि के लिए नवीनीकृत किया जा सकता है। तथापि, किसी एक पक्ष द्वारा किसी एक को एक महीने का नोटिस देकर कनसल्टेंसी को समाप्त किया जा सकता है

**पदों की संख्याः** 2 (दो)

**स्थानः** दिल्ली

**अन्य शर्तेः** भारत सरकार/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वर्तमान शर्तों के अनुसार

**आयुः** 45 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार)

**परिलब्धियांः** रुपये 60,000/– से रु. 1,20,000/– प्रति माह के बीच।

**आवेदन कैसे करेंः** उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट http://nhsrcindia.org पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **13-Jun-2023** है।